कार्यालय, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी॰टी॰नगर, भोपाल

कमांक / प्रशासन / भंडार / आविभो / 1906 / 2025 भोपाल, दिनांक 11 / 03 / 2025

## Tender Document
## Technical-Cum-Commercial Bid

1. आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.टी. नगर भोपाल में विशाल मुख्य भवन, मिडिल भवन, नवनिर्मित G+3 भवन, समन्वयक भवन, सभागृह, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब, कम्प्यूटर सेक्शनों, शैक्षणिक स्मार्ट क्लासेस कक्षों एवं अन्य परिसर की सफाई व्यवस्थाओं हेतु सफाई सामग्री फिनाईल, झाडू, पोच्छे, वाईपर, क्लीनिंग लिक्विड, नेपथिलिन बॉयल्स एवं अन्य आवश्यक सफाई सामग्री क्रय इत्यादि हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।

2. आदर्श विद्यालय भोपाल में सफाई सामग्री सप्लायी कार्य सेवाऐं संतोषजनक पायी जाती है। तो समान शर्तों और सेवा शुल्क पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति अथवा नवीन रूप से दरें स्वीकृत होने अधिकतम रूप से सफाई सामग्री सप्लायी सेवाऐं आगामी 02 से 03 माह की अवधि हेतु बढायी जा सकती है।

3. यह आमंत्रण ऐसे सफाई सामग्री विक्रेता फर्मों / व्यक्तियों के लिए खुला है, जिनके पास सफाई सामग्री सप्लायी कार्य के क्षेत्र में निम्नतम 03 वर्ष का अनुभव है। एवं वर्तमान में मध्यप्रदेश के किसी सरकारी विभाग / निगम मंडल, अन्य उपक्रम एवं व्यवसायिक संस्था को सेवाऐं प्रदान कर रहा है।

4. कोटेशनों में उल्लेखित दर सफाई सामग्री सप्लायी फर्मों / व्यक्तियों के चयन के लिए एकमात्र मापदंड नहीं है। ऐसी फर्मों / व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत निविदाऐं जिनके पास 03 वर्ष का अनुभव नहीं है। उन पर विचार नहीं किया जावेगा। एवं उनकी निविदाऐं अस्वीकार कर दी जावेगी।

5. सफाई सामग्री सप्लायी फर्मों / व्यक्तियों को निर्धारित टेन्डर फार्म दिनांक 12 / 03 / 2025 से 28 / 03 / 2025 तक कार्यालयीन समय अपरान्ह 12:00 से 03:00. बजे तक विद्यालय वेबसाईट में उल्लेखित शुल्क राशि पर प्राप्त करना होगा। एवं उसी अवधि में विद्यालय में उपलब्ध एवं सफाई कार्यों में प्रयोग सफाई सामग्री की क्वालिटी का अवलोंकन करवाया जावेगा। उसी आधार पर सफाई सामग्री की दरें प्रदान करना होगी।

6. सफाई सामग्री सप्लायी फर्मों / व्यक्तियों से प्राप्त निविदाऐं दिनांक 28 / 03 / 2025 को अपरान्ह 04:30 बजे सार्वजनिक रूप से विद्यालय प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य महोदया, समिति सदस्यों एवं सफाई सामग्री फर्म / प्रतिनिधियों / प्रोपराईटर्स की उपस्थिति में खोली जावेगी।

7. सफाई सामग्री सप्लायी हेतु संबंधित फर्मों / व्यक्तियों को चाहे गए निविदा फार्म, सह 1,00,000 / — अर्नेस्ट मनी **बैंक गारण्टी** के रूप में जमा करना होगी। दरें मान्य न होने की स्थिति में जमा अर्नेस्ट मनी 07 दिवस के भीतर संबंधित सफाई सामग्री सप्लायर्स फर्मों को लौटा दी जावेगी।

8. सफाई सामग्री सप्लायी सेवाऐं अवधि दिनांक 01/04/2025 से 31/03/2026 के लिए मान्य होगी। एवं सेवाऐं संतोषप्रद पाए जाने व आपसी सहमति पर आगामी 02 से 03 माह तक सफाई सामग्री सप्लायी सेवाओं में वृद्वि की जा सकेगी।

9. जिन फर्मों द्वारा निविदा में भाग लिया जावेगा उन फर्मों के लिए Gem Portal पर वैद्य रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। एवं इससे संबंधित अभिलेखों की छायाप्रति विद्यालय में जमा करनी होगी।

10. प्रस्तुत की जा रही दरें Gem Portal की दरों के समकक्ष अथवा उनसे कम होगी।

11. जिस सफाई सामग्री सप्लायी विक्रेता/फर्म की दरें मान्य होती है। उनके द्वारा जमा अर्नेस्ट मनी राशि रू. 1,00,000/— सुरक्षा निधि के रूप में सेवा अवधि तक विद्यालय में जमा रहेगी। स्वीकृत सेवा अवधि के मध्य में सेवाऐं संबंधित फर्मों की और से प्रभावित करने पर जमा सुरक्षा निधि राशि राजसात् कर ली जावेगी।

12. सफाई सामग्री सप्लायी विक्रेता/फर्मों को भुगतान स्वीकृत मान्य दरों पर सफाई सामग्री प्राप्ति एवं समिति की पुष्टि के आधार पर नियमानुसार समयसीमा में की जावेगी।

13. सफाई सामग्री सप्लायी आदेशित कंपनी में न होने, दायित्वों का समयसीमा में निर्वहन न किए जाने पर सफाई सामग्री सप्लायी सेवाऐं समाप्ति का प्राचार्य को विशेषाधिकार होगा।

उपप्राचार्य
आदर्श उ. मा. विद्यालय
टी. टी. नगर भोपाल

प्राचार्य
आदर्श उ. मा. विद्यालय
टी. टी. नगर भोपाल